हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 23 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 2020 में पानी के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हुई थी बैराज की वॉल



08 राजस्व प्रकरणों के निराकरण में निर्णय की गुणवत्ता और विधि सम्मत...



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आज होंगे

नर्मदापुरम। जिला स्तरीय आयुर्वेद दिवस का मुख्य कार्यक्रम एवं निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन 23 सितंबर को जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित आयुष विंग, गेट नंबर 4, नर्मदापुरम में किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। जिला आयुष अधिकारी, नर्मदापुरम ने आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विभिन्न रोगों पर विशेषज्ञ परामर्श एवं निःशुल्क उपचार का लाभ लें।

शिशुओं को आश्रय देने स्थापित हुआ 'पालना'

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशों के अनुसार मिशन वात्सल्य अंतर्गत नर्मदापुरम स्थित वन स्टॉप सेंटर में 'पालना' स्थापित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य ऐसे नवजात शिशुओं को सुरक्षित एवं संरक्षित स्थान उपलब्ध कराना है। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत स्थापित इस पालना के माध्यम से ऐसे माता-पिता या अभिभावक, जो अनचाहे नवजात शिशु को अपने साथ रखने में असमर्थ हैं अथवा उसे कहीं छोड़ने की स्थिति में हैं, वे बिना अपनी पहचान बताए नवजात को सुरक्षित रूप से पालना में छोड़ सकते हैं।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, आए 128 आवेदन

जनसुनवाई: प्रकरणों का मौके पर किया निराकरण, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

मंगलवार को कलेक्टर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा, रोजगार, बिजली, पानी, स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समय-सीमा निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



पिपरिया में भीहुआ जनसुनवाई कार्यक्रम

पिपरिया में मंगलवार को जनपद में जनसुनवाई हुई। इसमें गांव और शहर से आए नागरिकों और महिलाओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। कुल 17 लिखित आवेदन मिले। जनसुनवाई के दौरान जलादिवासी मछुआ समिति के सदस्यों ने नायब तहसीलदार नीरज बैंस को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समिति के अध्यक्ष राजा कहार पर अनियमितताओं का आरोप लगाया। सदस्यों ने बताया कि पिछले 3 साल का सही हिसाब-किताब उन्हें नहीं दिया गया है। सदस्यों का अनुमान है कि इसमें गड़बड़ी हुई है। आरोप है कि अध्यक्ष ने सदस्यों की अनुमति के बिना अपने जान-पहचान वालों को ठेका देकर निजी फायदा कमाया है।

पट्टे के लिए आया आवेदन, दिए निर्देश

मालाखेड़ी निवासी सविता बट्टी ने भूमि का पट्टा प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर श्री मिश्रा ने संबंधित तहसीलदार को उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार आवेदिका संगीता बाई ने राशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिपं हिमांशु जैन,अपर कलेक्टर श्री राजेश शुक्ला, एसडीएम नर्मदापुरम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण अंचलों से भी आए आवेदन

गजनसुनवाई के दौरान ग्राम तालकेसरी निवासी प्रदीप कुमार बामने ने सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग पेंशन को पुनः चालू कराये जाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को जांच कर उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। एक अन्य मामले में ग्राम रतवाड़ा निवासी श्रीकिशन बरखने ने जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन की जाँच करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

बागरा तवा में अवैध उत्खनन को रोकने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बागरा-तवा क्षेत्र में राजस्व और वन विभाग की जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन का आरोप लगा है। ब्लॉक कांग्रेस का दावा है कि यहां से सैकड़ों डंपर लाल मिट्टी और मुरम निकालकर परिवहन कर चुके हैं। कांग्रेस ने मंगलवार को मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में खनन में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने और फॉरेस्ट क्षेत्र से जब्त पोकलेन मशीन को राजसात करने की मांग की गई है। कांग्रेस ने प्रशासन को 7 दिन में कार्रवाई का समय दिया है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

सरोज परवर्ती कॉलोनी में गणेशोत्सव की धूम



नर्मदापुरम। गणेशोत्सव के पावन अवसर पर सरोज परवर्ती कॉलोनी में भक्ति, आस्था और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। कॉलोनी में विराजे गणपति बप्पा के दरबार में प्रतिदिन विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक अनुष्ठानों की श्रृंखला चल रही है, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।उत्सव के क्रम में राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में पारंपरिक मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इसके उपरांत रविवार को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश को विधि-विधान के साथ 56 भोग समर्पित किए गए। छप्पन भोग अर्पण के बाद कॉलोनीवासियों ने सामूहिक रूप से भव्य महाआरती की, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

निर्धारित स्थलों पर ही गणेश प्रतिमा का विसर्जन करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 14 सितंबर 2026 से 25 सितंबर 2026 तक गणेश पूजनोत्सव मनाया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को निर्धारित विसर्जन स्थलों पर किया जाएगा।

तत्संबंध में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार विसर्जन स्थलों का निर्धारण तथा प्रतिमा स्थल से विसर्जन स्थल तक के मार्गों का निर्धारण संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट, नगर पुलिस अधीक्षक / अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) तथा थाना प्रभारियों की संयुक्त बैठक में किया जाएगा। विसर्जन मार्गों और विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी नगरीय क्षेत्रों में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों की होगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए उत्तरदायी होंगे।

तैराक राहुल लोवंशी ने राज्य स्तरीय तैराकी में जीते 4 स्वर्ण पदक

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम जिले के बधिर तैराक राहुल लोवंशी ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। ग्वालियर बधिर सोसाइटी द्वारा 20 सितंबर 2026 को आयोजित 18वीं एम.पी. स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप ऑफ द डेफ में श्री राहुल लोवंशी ने चार प्रमुख 50 मीटर तैराकी स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर 4 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। लोवंशी ने प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एवं 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से नर्मदापुरम जिले को गौरव प्राप्त हुआ है।

सेवा संकल्प अभियान: बच्चों ने चित्रों में उकेरी विकसित भारत-2047 की परिकल्पना

अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थी समीर भारके, निशांत कैथेले, दीपिका सराठे अब संकुल स्तर पर करेंगे कला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा संकल्प अभियान के तहत सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल, पीपल मोहल्ला में चित्रकला प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने 'विकसित भारत-2047' की सोच और परिकल्पना को अपनी कल्पनाशक्ति एवं रंगों के माध्यम से कागज के पन्नों पर उकेरा। उत्कृष्ट चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थी समीर भारके, निशांत कैथेले, दीपिका सराठे अब संकुल स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद मीरा राजकुमार यादव, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, पूर्व पार्षद अवध नारायण पांडे, राजकुमार बाबरिया एवं राजकुमार यादव उपस्थित रहे। इसके बाद अतिथियों ने रिबन काटकर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। अतिथियों ने शिक्षकों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की कलाकृतियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत की कल्पना को अलग-अलग विषयों और रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों का जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एन.पी. चौधरी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। विकसित भारत-2047 जैसे विषय पर बच्चों ने जिस तरह अपनी सोच को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया है, वह उनकी प्रतिभा और भविष्य के प्रति उनकी सोच को दर्शाता है।



पूर्व पार्षद अवध नारायण पांडे ने कहा कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने के लिए ऐसे आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। शिक्षक विकास साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे रचनात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि विकसित भारत का लक्ष्य साकार हो सके।

कार्यक्रम का मंच संचालन निहारिका ठाकुर एवं आशीष श्रीवास ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य एन.पी. चौधरी, देवेंद्र पटेल, संतोष राणा, सैलजा सोनी, विकास साहू ,अमृता मालवीय आदि मौजूद रहे।

कन्या शाला सूरजगंज में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, छात्राएं हुईं पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पीएम श्री शासकीय कन्या शाला सूरजगंज इटारसी में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले श्री सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जसवीर सिंह छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सभापति राकेश जाधव, पार्षद श्रीमती संगीता मालवीय एवं अनीता राजपूत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पमाला अर्पित करके किया गया। प्रतियोगिता में संकुल स्तर की कक्षा छठवीं से आठवीं तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्राओं द्वारा बनाई गई सुंदर चित्रकलाओं का अवलोकन करते हुए अतिथियों ने उनकी रचनात्मकता एवं प्रतिभा की सराहना की। आयोजन में प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार सोनिया, महेश कुमार मालवीय, खेल शिक्षक विनोद दुबे, लेखपाल हरीश पटेल, प्रधान पाठक महेश कुमार रायकवार, विनीत दुबे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन कविता उपाध्याय ने किया।

निःशुल्क बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नगर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल में सोमवार को एक माह के निःशुल्क बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया गया। खेल मंत्री की अभिनव पहल 'खेलो बढ़ो योजना' के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य इटारसी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच देना और उन्हें आधुनिक खेल सुविधाओं से जोड़ना है। सभी आयु वर्ग के लिए खुला मंच, 'पे एंड प्ले' से मिलेगा निरंतर प्रोत्साहन आयोजन समिति के अनुसार, बास्केटबॉल की बुनियादी बारीकियों और तकनीकी कौशल को सीखने के लिए शिविर में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि के बाद खिलाड़ियों की प्रतिभा को दीर्घकालिक रूप से तराशने के लिए 'पे एंड प्ले' योजना के तहत भी उत्कृष्ट प्रशिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराड़कर के मार्गदर्शन में जिले में सभी खेलों के ऐसे एक माह के निःशुल्क शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इटारसी केंद्र पर यह समस्त गतिविधियां खेल प्रशाल प्रभारी आरती शर्मा के संयोजन तथा एथलेटिक्स विभागीय कोच मंगल सिंह यादव एवं राकेश के तकनीकी सहयोग से संचालित की जा रही हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग स्तरीय विज्ञान व वैदिक गणित मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के विज्ञान एवं वैदिक गणित मेले का विभाग स्तरीय आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में 19 व 20 सितंबर को किया गया। मेले में विभाग के तीन जिलों से 178 भैया बहनों ने सहभागिता की।

जानकारी अनुसार विज्ञान मेले में प्रश्न मंच, प्रादर्श, पत्र वाचन व वैदिक गणित मेले में भी प्रश्न मंच, प्रादर्श एवं पत्र वाचन विषयों पर प्रतियोगिताएं की गईं। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय शासकीय व निजी विद्यालयों से गणित एवं विज्ञान विशेषज्ञों निर्णायक की भूमिका निभाई। रविवार को प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिसमें भाऊ साहब भुस्कुटे न्यास गोविंद नगर प्रबंधक धर्मेंद्र गुर्जर, सरस्वती शिशु मंदिर समिति के जिला सदस्य चंद्रशेखर गढ़वाल, बीआरसी राकेश रघुवंशी, सरस्वती शिशु मंदिर समिति अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य सौरभ सोनी, संयोजक साजेन्द्र द्विवेदी एवं वैदिक गणित मेला संयोजक प्रांत प्रमुख जगदीश झड़ेकर उपस्थित रहे। इस दौरान धर्मेंद्र गुर्जर, चंद्रशेखर गढ़वाल, बीआरसी राकेश रघुवंशी ने भैया-बहनों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आए बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड दिए।



श्री विघ्नहर्ता उत्सव समिति, साधपुरा की गणेश प्रतिमा बनी आकर्षण

श्री गणेश महोत्सव: शंकर जी, चंद्रमा और पर्वतों की आकर्षक सजावट के बीच विराजे विघ्नहर्ता गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गणेश उत्सव के पावन अवसर पर श्री विघ्नहर्ता उत्सव समिति, साधपुरा सुखतवा द्वारा भगवान श्री गणेश जी की भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई है। आकर्षक सजावट और दिव्य स्वरूप के चलते बप्पा श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

भगवान गणेश जी की प्रतिमा के पीछे भगवान शंकर जी, चंद्रमा और पर्वतों की आकर्षक सजावट तैयार की गई है, जो प्रतिमा की सुंदरता को और भी निखार रही है। सजावट के माध्यम से शिवमय वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संयोजन देखने को मिल रहा है। बप्पा का मनमोहक श्रृंगार और पंडाल की भव्य साज-सज्जा श्रद्धालुओं का मन मोह रही है।



आस्था और कलात्मकता का अद्भुत संगम


समिति द्वारा गणेश उत्सव को विशेष बनाने के लिए प्रतिमा स्थापना के साथ पंडाल की सजावट पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। शंकर जी, चंद्रमा और पर्वतों की थीम पर तैयार की गई सजावट श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का विषय बनी हुई है। भगवान गणेश जी के दर्शन के लिए भक्तों में उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है।

मेहनत ने बढ़ाई आयोजन की भव्यता

श्री विघ्नहर्ता उत्सव समिति, साधपुरा सुखतवा के सदस्यों द्वारा गणेश उत्सव को भव्य और यादगार बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आकर्षक प्रतिमा, मनमोहक साज-सज्जा और भक्तिमय वातावरण के साथ आयोजन क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिल रहा है। विदित हो कि समिति द्वारा पंडाल के पास प्रतिदिन अनेक सांस्कृतिक आयोजित किये जा रहे हैं।

परिवर्तिनी एकादशी पर हुई भगवान वामन अवतार की पूजा

नर्मदापुरम। शहर में मंगलवार को परिवर्तिनी एकादशी पर भगवान वामन अवतार की पूजा की गई। विदित हो कि इस दौरान नर्मदा नदी में श्रद्धालु स्नान, ध्यान और दान करेंगे। एकादशी तिथि को परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा में चले जाते हैं। भाद्रपद शुक्ल एकादशी के दिन श्री हरि योग निद्रा में करवट बदलते हैं। स्थान या दिशा में परिवर्तन करने के कारण ही इस तिथि को परिवर्तिनी एकादशी या पार्श्व एकादशी कहा जाता है। आचार्य शुभम शास्त्री ने बताया कि जो व्यक्ति इस एकादशी का व्रत व पूजन करता है, उसे करने के समान पुण्य प्राप्त होता है।



पत्रकार भवन में गूंजे गणपति के जयकारे कलेक्टर-एसपी ने की श्री गणेश की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम। शहर के कोठी बाजार स्थित पीपल चौक के पत्रकार भवन में विराजमान भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की सोमवार शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई।

महाआरती में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर महाआरती की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि नर्मदापुरम धार्मिक आस्था का केंद्र है। यहां सभी धर्मों और समाजों के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिल-जुलकर सभी त्योहार मनाते हैं। पत्रकार भवन में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विराजमान होना और इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है।



उन्होंने भगवान श्री गणेश से जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा ने भी भगवान श्री गणेश की आराधना को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि गणेश उत्सव लोगों को एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने जिलेवासियों को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, विजय कुंभारे, मनोज चौरे, मनोज सोनी, दयाराम फौजदार, प्रदीप गुप्ता, हेमंत राजपूत, रुद्र प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम मालवीय, इंद्र कुमार सोनी, कन्हैया लाल वर्मा कमलेश चौधरी, गोविंद चौधरी आदि शामिल रहे।

खबर संक्षेप

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर आदर्श शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बैतूल। आदर्श शिक्षक संघ ने मंगलवार को शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने चिचोली विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक देरी किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारे ने बताया कि चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के कई प्रकरण जून माह से स्वीकृत होने के बावजूद भुगतान के लिए लंबित हैं। संघ का आरोप है कि पूर्व में इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिए जाने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। संघ के अनुसार, सहायक आयुक्त द्वारा 7 सितंबर 2026 को चिचोली बीईओ ज्वाला प्रसाद प्रजापति को शीघ्र भुगतान कर सूचित करने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद उन्होंने अभी तक संबंधित शिक्षकों को भुगतान नहीं किया गया है। संघ ने क्रमोन्नति के एरियर्स का भुगतान लंबे समय से लंबित रहने का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अनेक शिक्षकों के एरियर्स प्रकरण लंबित हैं, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह सीसीएल अवकाश के दौरान नियमानुसार वेतन भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत भी की गई। संघ के अनुसार, सहायक आयुक्त से स्वीकृति मिलने के बाद भी कुछ शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है।

अब 40 मीटर बढ़ाने की तैयारी, फिर भी छोटा

2020 में पानी के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हुई थी बैराज की वॉल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैतूल

तापी बैराज का निर्माण वर्ष 2018 में किया गया था। अमृत योजना के अंतर्गत 6.92 करोड़ रुपए की लागत से बने बैराज का उद्देश्य नदी में जल स्तर बनाए रखना और आसपास के क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देना था। लेकिन 96 मीटर लंबा बनाने के कारण अगस्त 2020 में पारसडोह बांध के गेट खोलने पर पानी के तेज बहाव के कारण इसके बगल में कटाव हो गया था। इस मामले में 2021 में चीफ इंजीनियर कार्यालय से नोटिस जारी हुआ और फिर जांच भी चली। लेकिन यह पूरा मामला फाइल में दब कर रह गया था। अब बैतूल नगरपालिका ने इस बैराज की लंबाई 40 मीटर बढ़ाने, ड्राइंग-डिजाइन बनाकर मंजूरी के लिए नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल को भेजी है। 6.50 करोड़ से यह निर्माण काम होगा। लेकिन यदि यह बन भी जाता है तो भी बैराज की लंबाई 136 मीटर ही हो पाएगी। यह मूल ड्राइंग-डिजाइन की 170 मीटर लंबाई से 34 मीटर फिर भील कम रहेगी। इस कारण पीछे से छूटने वाले पानी का प्रेशर डेम सह नहीं पाएगा और फिर से बाजू से कटाव की आशंका बनी रहेगी।

बैराज के बगल में कटाव में बह गए थे 12 खेत

2018 में अमृत योजना में 18 गेट वाला 200 करोड़ लीटर क्षमता का ताप्ती बैराज बनाया गया था। अगस्त 2020 में इस बैराज से 52 किमी पहले पारसडोह बांध के गेट बहुत तेज बारिश के बाद खोले गए थे। पानी के फ्लो के कारण ताप्ती बैराज के बगल में कटाव से 12 खेत बह गए थे। इसे अब भरने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसी बैराज से नपा द्वारा 335 हार्सपावर की 3 मोटरें चलाकर 22 किमी दूर बैतूल शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। लेकिन कटाव के कारण पानी रुक नहीं पाता है और गर्मी के सीजन में शहर में पेयजल आपूर्ति का संकट बना रहता है।

इनका कहना है

ताप्ती बैराज के बगल में कटाव को भरने के लिए ड्राइंग-डिजाइन और प्रस्ताव बनाकर भेजा है। पूर्व में किस तरह बैराज बनाया गया था, इसकी ज्यादा जानकारी मुझे नहीं है।
- राहुल शर्मा,
सब इंजीनियर, नगरपालिका, बैतूल

तीन बार खर्च किए 10 लाख लेकिन कटाव नहीं रूका

नगरपालिका द्वारा तीन बार भराव करवाने पर 10 लाख रुपए खर्च किए हैं। लेकिन कटाव वाली जगह पर पानी नहीं रुक पाया। नगरीय प्रशासन ने कटाव को भरने के लिए हाइड्रोलॉजिकल और सिंचाई डिजाइन के मापदंडों के हिसाब से नपा को नए सिरे से ड्राइंग डिजाइन बनाने के आदेश दिए थे। अब नपा ने नए सिरे से 40 मीटर लंबाई की 7 मीटर ऊंची वॉल और 8 गेटों वाली ड्राइंग-डिजाइन तैयार की है। जबकि मूल बैराज 6 करोड़ 92 लाख में रायपुर की चंद्रा निर्माण कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बनाया था। 13.42 करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी बैराज मूल ड्राइंग-डिजाइन से 34 मीटर छोटा ही रहेगा।

पानी के बहाव से बनना चाहिए बैराज

इस संबंध में जब हमने जानकारों से बात की, तो उन्होंने बताया कि पानी के बहाव के हिसाब से ही नदी में बैराज या बांध कितना लंबा और कितना ऊंचा बनेगा, यह तय किया जाता है। यदि इसे छोटा बनाया जाता है तो बगल में कटाव होगा ही। बैराज की लंबाई फ्लड के हिसाब से तय की जाती है। लेकिन जिस वक्त बैराज बनाया गया था, उस समय लंबाई 96 मीटर रखी गई, जिसके कारण बाढ़ के दौरान बैराज की की-वॉल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद से प्रभावित हिस्से की स्थायी मरम्मत नहीं हो सकी है और समय-समय पर अस्थायी उपायों से ही स्थिति संभालने का प्रयास किया जाता रहा है।

रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश

भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर उतरे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारनी

वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र में क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान-2026 के तहत मंगलवार को लिटिल फ्लावर हायर सेकंडरी स्कूल पाथाखेड़ा के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर आमजन को भ्रष्टाचार के उन्मूलन का संदेश दिया। रैली में कक्षा 11वीं और 12वीं के करीब 75 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली में महाप्रबंधक (संचालन) राज कपूर प्रसाद एवं वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा एवं जनसूचना) प्रदीप कुमार श्रीवास्तव भी विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर तथा जोरदार नारे लगाते हुए लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया। रैली लिटिल फ्लावर स्कूल से शुरू होकर बस स्टैंड, स्टेडियम, न्यू मार्केट, मस्जिद चौक, पुराना बाजार, पोस्ट ऑफिस, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय, एरिया हॉस्पिटल और अय्यप्पा मंदिर होते हुए वापस स्कूल पहुंची। इस दौरान मार्ग में विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार हटाना है, नया भारत बनाना है, युवाओं ने ठाना है, भ्रष्टाचार मिटाना है, कदम बढ़ाएं, भ्रष्टाचार को मिलकर मिटाएं तथा भ्रष्टाचार मिटाएंगे, देश को खुशहाल बनाएंगे जैसे नारों से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्राचार्य अनुजा किरण एवं वरिष्ठ व्याख्याता एम.एस. कुरैशी के मार्गदर्शन में आयोजित रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।



दीपावली पर बैतूल को मिलेगी एक स्पेशल ट्रेन

बैतूल। आने वाले दीपावली के सीजन को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे द्वारा बैतूल को एक स्पेशल ट्रेन की सौगात दी गई है। यह ट्रेन क्र- 06021 पोदनूर जंक्शन से बरौनी जंक्शन के लिए जाएगी। यह 24 बोगी की स्पेशल ट्रेन बैतूल स्टेशन पर प्रति सोमवार को 12:38 पर आएगी एवं 12:40 पर प्रस्थान करेगी । इस ट्रेन में 14 स्लीपर कोच, 3 सेकंड क्लास एसी, 1 एसी, 3 एवं 4 जनरल कोच होंगे, यह ट्रेन 4 अक्टूबर 2026 से 01 नवंबर 2026 तक पांच ट्रिप में चलेगी । इसी प्रकार ट्रेन क्रमांक 06022 बरौनी से पोदनूर जंक्शन चलेगी, यह ट्रेन बैतूल स्टेशन में प्रति गुरुवार को 12.08 आएगी एवं 12.10 पर प्रस्थान करेगी , यह ट्रेन 07 अक्टूबर 2026 से 04 नवंबर 26 तक पांच ट्रिप में चलेगी।

तीन दिन में ले-आउट और प्लॉटधारकों की क्षेत्रफलवार सूची मांगी

अनाधिकृत कॉलोनियों पर नगर पालिका की कार्रवाई, कॉलोनाइजरों को नोटिस



मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में अनाधिकृत रूप से विकसित की गई कॉलोनियों को लेकर नगर पालिका परिषद ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पालिका ने 17 से अधिक कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर संबंधित कॉलोनियों का ले-आउट तथा प्लॉटधारकों की क्षेत्रफलवार सूची सहित आवश्यक जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका ने तय समय सीमा में जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित भूखंडों को निकाय के प्रबंधन में लेने की कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी की ओर से 22 सितंबर को जारी किए गए नोटिस में बताया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कॉलोनियां विकसित कर भूखंडों का विक्रय किया गया है। नगर पालिका के अनुसार, ऐसी कॉलोनियों में निवासरत लोगों को बिजली, पानी और सडक़ सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा वर्ष 2016 से 2022 के बीच किए गए सर्वे के दौरान सामने आई सूची के आधार पर संबंधित कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस के माध्यम से संबंधित लोगों से कॉलोनी के ले-आउट, प्लॉटधारकों की क्षेत्रफलवार सूची तथा अन्य आवश्यक जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

तीन दिन में जानकारी नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी

नगर पालिका ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि निर्धारित तीन दिन की समय-सीमा में मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में संबंधित भूखंडों को निकाय के प्रबंधन में लेने की कार्रवाई की जा सकती है। नगर पालिका ने इस कार्रवाई के लिए संबंधित व्यक्ति को जिम्मेदार बताया है। अनाधिकृत कॉलोनियों के संबंध में नगर पालिका परिषद द्वारा जिला कलेक्टर सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को भी रिपोर्ट भेजी गई है। अब नगर पालिका की इस कार्रवाई के बाद संबंधित कॉलोनाइजरों से मांगी गई जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की स्थिति पर नजर रहेगी।

चित्रों के माध्यम से उकेरे रचनात्मक भाव

अभियान के तहत संकुल स्तरीय चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित



भौंरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भौंरा में संकुल स्तर की चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संकुल क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशीलता और कला-कौशल को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संजीव विजयकर एवं शुभम चौरे उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की चित्रकारी का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढक़र भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रभारी प्रचारक सुरेश कटारे की भूमिका रही। विद्यालय के शिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े अन्य सदस्यों ने प्रतियोगिता के संचालन में सहयोग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कला प्रतिभा और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। संजीव विजयकर ने कहा कि चित्रकारी बच्चों की रचनात्मक सोच और कल्पनाशीलता को अभिव्यक्त करने का बेहतर माध्यम है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

तीन डोलों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा

डोल ग्यारस पर निकली भगवान की डोल यात्रा, जगह-जगह हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भौंरा

डोल ग्यारस के अवसर पर मंगलवार को भौंरा नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ भगवान के डोल निकाले गए। नगर में अलग-अलग परिवारों की ओर से कुल तीन डोल निकाले गए। डोल यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने घरों के सामने डोल पहुंचने पर आरती उतारी और प्रसाद चढ़ाकर आस्था व्यक्त की। डोल यात्रा की शुरुआत बजरंग मंदिर से हुई।

यहां से दो डोल निकलकर माता मोहल्ला स्थित मिश्रा निवास पहुंचे। मिश्रा निवास पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद डोल यात्रा आगे बढ़ी। इसके बाद मिश्रा परिवार, मालवीय परिवार और तिवारी परिवार की ओर से निकाले गए तीनों डोल एक साथ नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा मां खेड़ापति मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद डोल इंदिरा कॉलोनी, माता मोहल्ला, सोसाइटी मोहल्ला, सीमेंट रोड, रामलीला चौक, पटेल वार्ड और आजाद वार्ड होते हुए मां बीजासेन मंदिर स्थित नदी के तट पर पहुंचे। यहां धार्मिक परंपरा के अनुसार पूजन-अर्चन किया गया, जिसके बाद डोल यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। डोल के पहुंचने पर कई घरों के सामने महिलाओं ने थाली सजाकर भगवान की आरती उतारी और प्रसाद अर्पित किया। बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी डोल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।



बहुउद्देशिय सहकारी समिति मर्यादित भौरा की आमसभा आज

भौरा। प्रतिवर्षनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भौरा के तत्वाधान मे बहुउद्देशिय वार्षिक आमसभा 23 सितम्बर बुधवार दोपहर 1 बजे से विजय मंगल भवन मे आयोजित की जा रही है 7 समिति प्रबंधक सुनील पवार ने जानकारी देते हुए बताया की आमसभा मे विगत वर्ष की कार्यवाही बजट एवं अन्य विषय पर विस्तृत चर्चा की जायेगी 7 संस्था ने सभी समिति सदस्य से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या मे आमसभा मे उपस्थित हो कर आमसभा आयोजन को सफल बनाये।

अवैध रेत परिवहन पर मुलताई पुलिस की कार्रवाई, रेत से भरा 12 पहिया डंपर जब्त



बैतूल। पुलिस टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक डंपर/ट्रक अवैध रूप से रेत भरकर हिवरखेड़ से मुलताई की ओर आ रहा है। सूचना पर मुलताई पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए खंबारा टोल के पास घेराबंदी की गई। इसी दौरान एक 12 पहिया डंपर को रेत का परिवहन करते हुए रोका गया। चालक अजय पिता धनराज युवनाते, उम्र 30 वर्ष, निवासी उमरेड, तहसील मोर्शी, थाना बेनोडा से रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन चालक द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर डंपर को थाना मुलताई लाया गया। डंपर में भरी रेत के संबंध में खनिज विभाग को सूचना दी गई तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु डंपर एवं प्रकरण खनिज विभाग को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास पटेल, प्रधान आरक्षक सोनू ठाकुर, आरक्षक विवेक चौरे, आरक्षक सेवाराम, आरक्षक प्रिंस एवं आरक्षक नरेंद्र कुशवाहा की सराहनीय भूमिका रही।

सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता

शाहपुर। हाई स्कूल कुंडी मे कुप्पा, मर्दानपुर, बांका खोदरी, रायपुर, पावर झंडा, पहावाड़ी, जामुनढाना एवं कुंडी स्कूल के कक्षा छठवीं से लेकर दसवीं तक के 30 छात्र छात्राओं के द्वारा चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी-अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया गया। सभी ने दो विषयों पर पहला 2047 का मेरा भारत और दूसरा विषय आत्मनिर्भर भारत से संबंधित चित्रकलाएं और भाषण तैयार कर सेवा संकल्प अभियान में प्रस्तुत किये। उसके बाद प्रतियोगिता में शामिल बच्चों की कलाओं को नगर से पधारे अतिथि गण और शिक्षक



शिक्षिकाओं ने बच्चों के द्वारा बनाई गई चित्रकला की प्रशंसा की। चित्रकला में तीन बच्चों का चयन किया गया और भाषण में भी तीन बच्चों का चयन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका यादव रायपुर, द्वितीय स्थान साइना टेकाम पहावाड़ी और तृतीय स्थान पृथ्वीराज मवासे पहावाडी ने प्राप्त किया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनीषा काजले पहावाडी, द्वितीय स्थान आराधना यादव पतोआपुरा और तृतीय स्थान अमृत टेकाम रायपुर ने प्राप्त किया। सभी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार वितरित किए गएद्ध। चयनित यह छ बच्चे विकासखंड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। शाहपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद शाहपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को करीब छह घंटे में पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग छात्रा ने शनिवार रात 20 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने नाबालिग के साथ गलत काम किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने हाथीकुण्ड निवासी राजेश यादव के खिलाफ केस दर्ज किया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। बड़े अधिकारियों के कहने पर आरोपी को पकडने के लिए एक टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने शिकायत दर्ज होने के करीब छह घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बालाजीपुरम में आयोजित गणेश दर्शन कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भगवान गणेश का स्वरूप सिखाता है जीवन जीने की कला: पं. सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैतूल

भगवान श्री गणेश का प्रत्येक स्वरूप और अंग मानव जीवन के लिए एक मार्गदर्शक की तरह है। उनका विशाल मस्तक गंभीर चिंतन, बड़े कान धैर्यपूर्वक सुनने और छोटी आंखें गहरी व सूक्ष्म दृष्टि रखने का संदेश देती हैं। यदि मनुष्य उनके स्वरूप को समझकर अपने आचरण में उतारे, तो जीवन की आधी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। यह विचार प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुनील श्यामानंद ने श्री रुक्मिणी बालाजी मंदिर , बालाजीपुरम में आयोजित विशाल गणेश दर्शन कथा के दौरान व्यक्त किए। कथा के पूर्व पंडित संजय व्यास के मार्गदर्शन में बालाजीपुरम सहसंस्थापिका श्रीमती जयदेवी वर्मा ने भगवान गणेश का आव्हान कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा, राजीव खंडेलवाल, पं शिवकिशोर शुक्ल, पं नरेन्द्र शुक्ल समेत काफी श्रध्दालु मौजूद थे। गणेश कथा के पूर्व बालाजीपुरम में भारी बारिश थी, लेकिन कथा आरंभ होने के ठीक आधे घंटे पहले बारिश थम





गई और सुहावने पावन मौसम में कथा आरंभ हुई। पंतजलि के जिला योग प्रभारी सुनील कुबड़े ने व्यास पीठ के लिए स्वागत उद्बोधन में बताया कि वर्तमान समय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सनातन धर्म को समझने और समझाने की आवश्यकता है।

इसके बाद आरंभ प्रथम गणेश दर्शन कथा में पंडित सुनील श्यामानंद महाराज ने कहा कि प्रथम पूज्य भगवान गणेश, केवल विघ्नहर्ता ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। उनका लंबा उदर सभी बातों को पचाने (सहनशीलता) की प्रेरणा देता है, वहीं उनका वाहन मूषक चंचल मन को वश में रखने का प्रतीक है। आधुनिक जीवन में तनाव, विवाद और अशांति से बचने के लिए हमें गणपति बप्पा के इन सद्गुणों को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। महाराजश्री ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और लघु कथाओं के माध्यम से भगवान गणेश के संपूर्ण व्यक्तित्व की विवेचना की। उन्होंने गणेशजी के अंग के साथ उनके पूरे परिवार, शिव-पार्वती, पत्नी रिध्दि-सिध्दि, बेटे शुभ-लाभ उनकी पत्नियां तुष्टि-पुष्टि और पोते आमोद-प्रमोद तक की जानकारी और उनके दर्शन को समझाया। बहुत सरल शब्दों में श्रोता अविचल उनकी कथा का श्रवण लाभ लेते रहे। संगीतमय कथा के दौरान जैसे ही भजनों की प्रस्तुति हुई, पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। संदीप संगीत की पूरी टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही हनुमानअंश फिल्म के प्रसिद्ध भजन भी सुनाए गए। आरती उपरांत उपस्थित सभी भक्तों में भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया। कथा के बाद बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने कथा के इस तरह के प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी कथावाचकों को चाहिए कि वो कथाओं और टोटकों के अनावश्यक विस्तार के बजाय संक्षिप्त स्वरूप में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सनातन धर्म को समझाए, ताकि नई जेनजी पीढ़ी सनातन से जुड़ सके। अमेरिकन उद्योगपति ऋषि वर्मा ने भी कथा को बहुत सराहनीय बताते कहा कि कब दो घंटे निकल गए, पता ही नहीं चला। इस कथा में बालाजीपुरम के प्रमुख पुजारी असीम पंडा स्वामी, बलवंत धोटे, अरूण सिंह, बंटी विवेक वर्मा, बबलु खुराना, अशोक देशमुख, हरीश गढेकर, रोशनलाल मौखडे, बलराम जसूजा, आशीष पचौरी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, मातृशक्ति और श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

योजनावार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की

सीहोर। जिला कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विकासखण्डवार तथा योजनावार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करने, मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का नियमित एवं गंभीरता से परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और उनका समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को केवल कागजी उपलब्धि तक सीमित न रहे।

एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने छात्रावास और आईटीआई का किया निरीक्षण

विद्यार्थियों से किया संवाद, अधीक्षकों व आईटीआई प्रमुख को दिए निर्देश

एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने मंगलवार को छात्रावास एवं आईटीआई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाएं देखीं और विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद, छात्रावास अधीक्षकों व आईटीआई प्रमुख को आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने मंगलवार को सोहागपुर स्थित अनुसूचित जाती बालक छात्रावास, अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास तथा कलमेशरा आईटीआई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के अनुकूल व्यवस्था के निर्देश संबंधित प्रमुखों को दिए हैं।

ई गवर्नेंस असिस्टेंट मैनेजर अनुराग तिवारी द्वारा मंगलवार दोपहर जारी प्रेस नोट के अनुसार एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने निरीक्षण दौरान दोनों छात्रावासों में विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। तथा छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों को भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, भोजन निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उपलब्ध कराने तथा छात्रावास परिसर, कक्षों एवं शौचालयों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हो समय-समय पर धुलाई

उन्होंने विद्यार्थियों के बिस्तर एवं उपयोग किए जाने वाले कपड़ों की समय-समय पर धुलाई करवाने तथा छात्रावास में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के नियमित शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण समय पर करवाए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।एसडीएम ने विद्यार्थियों से पढ़ाई तथा छात्रावास में रहने के अनुभव के संबंध में भी जानकारी ली और उन्हें नियमित अध्ययन के साथ अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

पहुंची आईटीआई

छात्रावास के बाद एसडीएम डॉ. राठौर ने ग्राम कलमेशरा स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण कक्षों एवं कार्यशालाओं का जायजा लेते हुए वहां उपलब्ध मशीनरी एवं प्रशिक्षण उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने मशीनरी की उपलब्धता, उपयोग एवं रख-रखाव की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से उनके प्रशिक्षण एवं प्रायोगिक अध्ययन के संबंध में संवाद किया। एसडीएम ने अधिकारियों को संस्थान में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने, मूलभूत व्यवस्थाओं, स्वच्छता और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

एक्सीलेंट रोड पर पड़े कचरे से परेशान हो रहे नागरिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर की रोड एक्सीलेंट पर डिवाइडर में लगे पौधों व आसपास के वृक्षों की छंटाई का कचरा घंटों पड़ा रहा। जिसके कारण नागरिकों की आवाजाही बाधित हुई। रात्रि में कचरे के कारण कई दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बचे। वहीं एक घर का गंदा पानी भी रोड एक्सीलेंट पर भरा रहता है। गंदे पानी और कचरे ने नागरिकों को बहुत परेशान किया।

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने सूचना पर कचरा हटाने के निर्देश अधीनस्थों को दिए।

स्वछता ही सेवा अभियान 2026 अंतर्गत छावनी क्षेत्र को स्वच्छ एवं साफ सफाई हेतु किया जागरूक

पचमढ़ी। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा छावनी क्षेत्र में चिन्हित स्वच्छता संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। अभियान के तहत चिन्हित विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर कचरे एवं अनावश्यक सामग्री की सफाई, झाड़ियों एवं घास की कटाई, परिसर की साफ-सफाई तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण संबंधी कार्य किए गए। कई स्थानों को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं नागरिकों के लिए अधिक उपयोगी बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। छावनी परिषद द्वारा ऐसे स्थानों को स्वच्छ, सुंदर एवं उपयोगी परिसरों के रूप में विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने, कचरे का उचित पृथक्करण करने तथा निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियानः सांदीपनि विद्यालय में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय में ₹सेवा संकल्प अभियान ₹के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत -सेवा, थीम पर सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी में 17 सितंबर से विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मेरे सपनों का भारत, सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण , जल संरक्षण जैसे विषयों पर भाषण प्रस्तुत किए गए, इसके पश्चात चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथियों भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन झा,संदीप जैन,ओमप्रकाश यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से परिपूर्ण अभिव्यक्तियों हेतु बधाई और उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, सविता साहू, ज्योति यादव, रूपनारायण श्रीवास, किसनलाल उइके सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन मो इरफान द्वारा किया गया। राकेश यादव द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

प्रेरक सफलताओं का संकलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान में आज शासन की योजनाओं से लाभान्वित छात्र छात्राओं और पूर्व विद्यार्थियों की प्रेरक सफलताओं को बताया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट डॉ.आई .एस . कनेश ने अपना उद्धबोधन दिया कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया, संचालन डॉ.मनीष शर्मा तथा आभार डॉ.कविता दुबे ने दिया अभियान के इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं पूर्व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पीएम श्री विद्यालय बागरा में हुआ चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





मंगलवार को संकुल स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन संकुल केंद्र पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागरा तवा में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विधायक विजयपाल सिंह मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किए गए एवं विधायक द्वारा कक्षा संचालन की गतिविधि भी देखी गई एवं विद्यार्थियों से बात भी की गई मुख्य रूप से निखिलेश चतुर्वेदी , कुंवर सिंह , मनीष चतुर्वेदी जी, सरपंच विशाल मालवीय और उप सरपंच रमेश यादव , आलोक अग्रवाल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा पिपरे एवं बीआरसी कमलेश वर्मा भी उपस्थित रहे और बृजेश त्रिवेदी द्वारा मंच संचालन किया गया एवं प्राचार्य बीकेस सिंह राजपूत द्वारा समस्त अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया है।

डोल में बैठकर निकले भगवान नगर भ्रमण पर, हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

डोल ग्यारस जल झूलनी एकादशी पर नगर के मंदिरों के विमान में बैठकर नगर वासियों की कुशल क्षेम जानने भगवान नगर भ्रमण पर निकले। सभी विमान मंगलवारा बाजार रामलीला मैदान में एकत्रित हुए जहां नगर वासियों ने भगवान की पूजन कर आशीर्वाद लिया नगर परिषद द्वारा इस अवसर पर स्थानीय भजन मंडल के भजन कराए सभी विमान की पूजा की पुजारियों का सम्मान कर भेंट प्रदान की इसके उपरांत सभी विमान भगवान को जलविहार कराने जनपद स्थित राधा कुंड में ले गए जल विहार के बाद सभी विमान अलग-अलग मोहल्ले में पहुंचे जहां नगर वासियों ने भगवान की पूजा कर आशीर्वाद लिया नगरवासियों ने डोल के नीचे से निकलकर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जय जयकार लगाकर आरती की।

पिपरिया में जनसुनवाई के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

ग्राम पंचायतों में लटके ताले, मनरेगा में धांधली के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एसडीएम आकिप खान और तहसीलदार वैभव बैरागी द्वारा प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन में 'जनसुनवाई' आयोजित करने के स्पष्ट आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद पंचायतों में मंगलवार को ताले लटके नजर आ रहे हैं।

मंगलवार को भी पंचायत में लटका मिला ताला

22 सितंबर 2026 (मंगलवार) को ग्राम पंचायत सिमरा, माथनी और बनवारी सहित कई पंचायतों में ताले लगे रहे, जिससे अपनी समस्याओं को लेकर पहुँचे ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा। ग्राम पंचायत सिमरा के निवासी मनोज कुमरे, कृपाल सिंह और नन्हे लाल



बहादुर सिंह ने बताया कि सचिव प्रकाश पटेल (मूल निवासी राईखेड़ी) सप्ताह में एक बार भी पंचायत नहीं आते हैं। वे पिपरिया में सरपंच पति राधेलाल पटेल के निवास पर ही रुकते हैं।

ग्रामीणों ने लगाए आरोप

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि सचिव द्वारा मनरेगा योजना की मजदूरी राशि अपने परिजनों के खातों में ट्रांसफर कराई गई है। इसके अलावा, पिछले 4 वर्षों से पंचायत में रोजगार सहायक (GRS) का पद भी खाली पड़ा है, जिससे प्रशासनिक कार्य पूरी तरह ठप हैं। जब इस संबंध में सचिव प्रकाश पटेल से बात की गई तो उन्होंने अस्वस्थ होने का हवाला दिया, हालांकि प्रशासनिक रिकॉर्ड में उनका कोई आधिकारिक अवकाश आवेदन जमा नहीं है।

3 माह में 4 बार तबादला

चर्चा में सचिव विजय पटेल का मामलाजनपद क्षेत्र में सचिवों के तबादले को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सचिव विजय पटेल का महज 3 महीनों के भीतर 4 बार तबादला किया जा चुका है—पहले पी.एन. नारी, फिर बनवारी और दो बार जनपद पंचायत में अटैच किया गया।

इस संबंध में जनपद सीईओ श्री राम सोनी का कहना है कि बादले और अटैचमेंट की पूरी कार्यवाही जिला पंचायत स्तर से संचालित होती है। जिन सचिवों के पास दोहरा प्रभार है, उनकी रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिए जा रहे हैं। रही बात जनसुनवाई में अनुपस्थिति की, तो जिन सचिवों द्वारा जनसुनवाई आयोजित नहीं की जा रही है, उन्हें तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी कर दिए गए हैं और आगे सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पोषण माह अंतर्गत महिलाओं को दिया गया पोषण परामर्श



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सोमवार को परियोजना माखननगर के सेक्टर सांगा खेड़ा खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 पर पोषण माह 2026का आयोजन किया गया महिलाओं को पोषण परामर्श दिया गया पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र की रोजाना कार्य सफाई और रखरखाव के लिए अन्य सामग्री दान के लिए प्रोत्साहित करना विविध प्रोटीन विविध स्रोतों की पहचान,3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ताजा एवं स्थानीय विविधता युक्त नाश्ता एवं गर्म पका भोजन प्रदाय किया जाना सुनिश्चित किया गया 1 इसके साथ-साथ मिशन नीव के अंतर्गत वीरेंद्र कीर जी द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया और उनके द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली शालापूर्व शिक्षा गतिविधियों का विस्तृत कैलेंडर के द्वारा समझाइए दी गई और गतिविधि प्रतिदिन शेयर करने की बात कही।

आंगनबाड़ी वार्ड नंबर 2 में बाल चौपाल दिवस का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 2 पचमढ़ी में 22 सितंबर 26 को जन्म से 3 वर्ष के बच्चों की देखभाल हेतु परिवार को परामर्श एवं बाल चौपाल दिवस का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता नागवंशी द्वारा बच्चों की माता को जन्म से बच्चों को स्तनपान कराने की सलाह दी गई एवं आयु 6 माह से ऊपर होने पर बच्चों को माता के दूध के साथ ऊपरी आहार खिलाने की समझाइस दी गई। कार्यक्रम में सहायिका रंजीता ठाकुर एवं बच्चों की माताएं ओर परिजन गायत्री अग्रवाल,नेहा, सायमा, सुषमा, सानिया, रुखसाना, राजकुमारी, सुमन आदि महिलाएं उपस्थिति रही। एक बच्ची शिप्रा खान की पासनी की रशम की गई जिसमें बच्ची को गिलास कटोरी चम्मच दिए गए।

गौ धन न्याय योजना लागू करने कांग्रेस जिला सचिव ने भेजा सीएम को पत्र

भटकते गौवंश के लिए अहम साबित होगी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र में सड़कों पर भटकते गौवंश को गौधन न्याय योजना लागूकर बचाया जा सकता है। झारखंड एवं छत्तीसगढ़ की तरह योजना मध्य प्रदेश में भी लागू हो, इसके लिए नर्मदापुरम- कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है।

सोमवार को जलज शर्मा द्वारा लिखे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि गौधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ एवं झारखंड में जारी है। इसको मध्यप्रदेश में भी शुरू करना चाहिए। इस योजना में सरकार पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गोबर खरीदती



है। और इससे जैविक खाद व बायोगैस बनाती है। इससे पशुपालकों को आय होगी, गौ संरक्षण में मदद मिलेगी, बेघर गाय को लोग पालने लगेंगे व प्रदूषण नियंत्रित हो सकेगा। अतः नर्मदापुरम-कांग्रेस जिला सचिव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हे पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि योजना को मध्यप्रदेश में शुरू करें। पत्रानुसार मुख्यमंत्री के इस प्रयास से पशुपालकों को एवं गौ माता के संरक्षण गतिविधियों को विशेष मदद मिलेगी। इधर हरिभूमि से चर्चा में



छत्तीसगढ़ व झारखंड की तर्ज पर गोधन योजना की मांग

नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव चलाएंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

झारखंड एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी गौधन न्याय योजना लागू करने की मांग मैदानी स्तर पर कांग्रेस द्वारा उठाई जाएगी। इसके लिए नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा द्वारा मैदानी कार्य किया जा रहा है।

शर्मा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि उन्होंने सोहागपुर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों एवं गौपालकों से संपर्क प्रारंभ किया है। इस क्रम में रविवार को शर्मा चंदीखोड़ पिपरिया गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों से संपर्क किया तथा कहा कि झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में गौधन योजना अंतर्गत सरकार गौपालकों व किसानों से 1-2 प्रति किलो के दर पर गोबर लेती है। इससे यह लाभ होता है कि जो पशु दूध देना बंद कर चुके हैं, उन्हें भी किसान एवं गौपालक आर्थिक रूप से सक्षम होते हैं व उनका संरक्षण करते हैं। क्योंकि दूध नहीं देने पर भी मवेशियों से गोबर प्राप्त होता है जिससे बदले किसानों व गौपालकों को आय होती है। अंत: मध्य प्रदेश में भी गौधन योजना लागू की जाए, इस बात के लिए नर्मदा परम कांग्रेस जिला सचिव जलज शर्मा द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

लिखूंगा पत्र

मैं जल्द प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस हेतु पत्र लिखकर यह मुद्दा उठाऊंगा।

यह ही नहीं गांव-गांव में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

जलज शर्मा, नर्मदापुरम कांग्रेस जिला सचिव

जलज शर्मा ने कहा कि रोजाना सैकड़ों मवेशियों को नर्मदापुरम-जिले में ही सड़कों पर भटकते देखा जा सकता है। और समूचे मध्य प्रदेश में लाखों मवेशी बेसहारा सड़कों पर घूम रहे हैं। अतः योजना गौ संरक्षण की दिशा में अहम कड़ी साबित हो सकती है।

स्व. निकेश वर्मा की स्मृति में मंदिर निर्माण के लिए दी राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मथुरा प्रसाद वर्मा के ज्येष्ठ सुपुत्र निकेश कुमार वर्मा के निधन उपरांत श्रद्धांजलि एवं त्रयोदशी पर वर्मा सेनानी परिवार मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 1 हज़ार रुपये की राशि दान दी। साथ ही शिक्षक महेश चंद वर्मा द्वारा भी मंदिर निर्माण हेतु 100000, 1लाख की दान राशि देने की घोषणा की और यह दान राशि अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज के श्री राधा कृष्ण कसेरा मंदिर निर्माण के लिए समाज को दान दी गई। त्रयोदशी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक विजयपाल सिंह विधायक डॉ.सीता शरण शर्मा पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा पियूष शर्मा एवं नगर के गणमान्य नागरिक, नगर की सामाजिक एवं योग संस्थाएं सामाजिक रिश्तेदारों द्वारा समाज के अध्यक्ष रहे स्व.निकेश वर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

खबर संक्षेप



बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर सांसद पुत्र पटेल ने शिरकत की

झिरन्या। बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर सांसद पुत्र नरेंद्र पटेल ने भी शिकायत की। वह छात्रावास परिसर के सामने से लेकर राम मंदिर तक जुलूस में शामिल हुए। उन्होंने बाबा रामदेव की ध्वजा और रथ में पूजा अर्चना की। उनके साथ जनता पंचायत की अध्यक्ष संगीता नार्वे सहित उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, युवा भाजपा नेता प्रतीक ठाकुर, सुधीर यादव, अजमल नायक, विकास शर्मा, सुनील चौहान जुलूस में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने राम मदिर में पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्याम सेवा समिति ने जुलूस में शामिल भक्तजनों के लिए स्वल्पाहार स्टॉल लगाया था। जिसमें सांसद पुत्र पटेल सहित अन्य सदस्यों ने भी अपनी सेवाएं दी।

करंट लगने से बच्चे की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरदा। जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के साल्याखेड़ी गांव में सोमवार शाम करीब 6 बजे करंट लगने से 12 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, साल्याखेड़ी गांव के रहने वाले लक्ष्मण चौहान और उनकी पत्नी खेत पर गए हुए थे। इस दौरान उनका बड़ा बेटा अर्चित, जो गांव के सरकारी स्कूल में पांचवीं कक्षा में पढ़ता था, घर के पास लगे ट्यूबवेल के पास गया। तभी उसे करंट लग गया और वह बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद उसके चाचा ने उसे देखा और उसके माता-पिता को सूचना दी। उसे तुरंत हंडिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

खिरकिया विकासखंड की 16 ग्राम पंचायतों में शुष्क दिवस घोषित

हरदा। जिले के खिरकिया विकासखंड में जिला पंचायत सदस्य के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्द्ध के लिए 29 सितम्बर को मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) हरदा सिद्धार्थ जैन ने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल निर्देशानुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत सदस्य के उप निर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्द्ध हेतु मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार इस अवधि में खिरकिया विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चिकलपाट, सांवरी, जामन्याखुर्द, जूनापानी, मकडाई, मकडाई पटल्दा, जामुखों, आमाखाल, खूदिया, पीपल्या खुदिया, गोमगांव, धनकार, महेन्द्रगांव, बावडिया नवीन, जिनवानिया व नहालीकला में शुष्क दिवस के दौरान मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मदिरा के विनिर्माण, क्रय-विक्रय, धारण, संग्रहण, वितरण एवं परिवहन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

बीपीएल में शामिल अपात्र परिवारों के नाम काटे जाएं

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में निर्णय की गुणवत्ता और विधि सम्मत प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखा जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिये कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में निर्णय की गुणवत्ता एवं विधि सम्मत प्रक्रिया का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा है कि राजस्व अधिकारी उनके न्यायालय में निर्णयाधीन प्रकरणों में गुण दोष का भलीभांति अध्ययन करें एवं निर्णय लेने में स्पष्टता का भी ध्यान रखें। मंगलवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि गरीबी की रेखा की सूची में शामिल अपात्र परिवारों के नाम विशेष अभियान चलाकर काटें।

बैठक में बताया गया कि हरदा में 3 से 7 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 10 संभागों के प्रतियोगी दल भाग लेंगे। भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या 240 रहेगी। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी रहेंगे। बैठक में जन विश्वास अभियान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आवेदनों के निराकरण का नियमित फालोअप सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों में सम्पत्ति कर, स्वच्छता कर, विकास कर एवं जल कर की वसूली पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार व अनुपमा चौहान, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया व एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं अनुपमा चौहान, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी रघुवीर प्रजापति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि जल्द प्रदान करने की मांग की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम रिजगांव निवासी विजय पाण्डे ने आधार कार्ड नहीं बनने के संबंध में शिकायत की, जिस पर ई-गवर्नेंस मेनेजर को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम भोनखेड़ी के ग्रामीणों ने भोनखेड़ी जिजगांव रोड़ पर बनी पाल से रोड़ पर पानी की समस्या बताई, जिस पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में हरदा निवासी रघुवीर प्रजापति ने धारणाधिकार योजना के तहत स्थायी पट्टे की मांग की, जिस पर एसडीएम हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम गोंदागांवकला निवासी सुनिल शर्मा ने किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

सुरक्षा इंतजाम रखे जाने के निर्देश

कलेक्टर-एसपी ने किया प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने मंगलवार को हंडिया नर्मदा तट एवं हरदा में पेड़ी घाट पर प्रतिमा विसर्जन हेतु बनाये गये विसर्जन कुण्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने विसर्जन कुण्डों के आसपास बेरीकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, गोताखोरों की व्यवस्था एवं सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिये। विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं के सहयोग के लिये वालेंटियर्स की तैनाती एवं विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये। दोनों स्थलों पर तटों पर पर्याप्त सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने के लिये कहा गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम अशोक डहेरिया, तहसीलदार महेन्द्र सिंह चौहान, तहसीलदार हंडिया पूजा भाटी भी मौजूद थे।

खरगोन की बेटी एज्या गुप्ता ने जीता गोल्ड



खरगोन। एज्या गुप्ता ने 2023 में ग्वालियर में स्टेट टूर्नामेंट में उपविजेता रहकर सिल्वर हासिल किया उसके बाद से लगातार पिछले तीन वर्षों से 2024 में नर्मदापुरम में गोल्ड , 2025 में छिंदवाड़ा में गोल्ड, 20 सितंबर 2026 को सागर में फिर गोल्ड मेडल लेकर खरगोन का मान बढ़ाया। आदित्य इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अशोक दीक्षित और माता पिता ने एज्या को बधाईयां दी।

ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न 350 खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को ब्लॉक स्तर खो खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता में विकासखंड हरदा से कन्या शाला हरदा, महात्मा गांधी स्कूल, शास. उत्कृष्ट विद्यालय, होलीफेथ स्कूल, पिनेकल अकादमी, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल, रेड फ्लावर स्कूल नकवाड़ा, द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल, जोनर एजुकेशन सिस्टम स्कूल, सेंटमेरी स्कूल, सनफ्लावर स्कूल एवं संस्कार स्कूल हरदा के 14 वर्ष एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नितेश बादर, पुरुषोत्तम झिंझोरे, नीरज लाठी एवं विष्णु गोदारा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालिका वर्ग में द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा ने प्रथम, सन फ्लावर स्कूल ने द्वितीय व जोनर एजुकेशन सिस्टम स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 14 वर्ष बालक वर्ग में जोनर एजुकेशन सिस्टम हरदा ने प्रथम, द फाण्डेशन ऑफ एजुकेशन ने द्वितीय व महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालिका वर्ग में कन्या शाला हरदा ने प्रथम, रेड फ्लावर स्कूल नकावडा ने द्वितीय व खो खो कल्याण संघ हरदा ने तृतीय तथा 17 वर्ष बालक वर्ग में महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा ने प्रथम, द फाण्डेशन ऑफ एजुकेशन ने द्वितीय व जॉनर एजुकेशन स्कूल हरदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बड़े मंदिर में धार्मिक आयोजन, अनिता दीदी ने समझाया उत्तम तप का महत्व

तप से कर्मों का क्षय, संयम से आत्मशुद्धि का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



पर्वराज पर्युषण के दस दिवसीय आयोजन के सातवें दिवस मंगलवार को श्री दिगंबर जैन समाज हरदा के बड़े मंदिर में उत्तम तप धर्म की आराधना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर कोलकाता से पधारीं ॐ अर्हम ध्यान योग प्रशिक्षिका अनिता दीदी ने मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज के डिजिटल संस्करण के माध्यम से श्रद्धालुओं को उत्तम तप धर्म का महत्व समझाया।

अनिता दीदी ने कहा कि तप का वास्तविक अर्थ केवल कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताना नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखते हुए संयमित एवं सहज जीवन जीना है। मनुष्य की इच्छाएं कभी समाप्त नहीं होतीं और उन्हें पूरा करने की दौड़ में वह स्वयं अनेक कठिनाइयां खड़ी कर लेता है। तप के माध्यम से आत्मा में संचित कर्मों को क्षीण कर जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो कर्म आत्मा को जन्म-मरण के दुःखों में बांधे रखते हैं, उन्हें तप की साधना से क्षीण करना ही उत्तम तप है। इस दौरान उन्होंने संयम, आत्मानुशासन और इंद्रियों पर नियंत्रण को आत्मकल्याण का महत्वपूर्ण आधार बताया। पर्युषण पर्व के अंतर्गत अनिता दीदी द्वारा तीर्थ वंदना कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तीर्थ वंदना के दौरान मंदिर परिसर भक्तिभाव से सराबोर रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण के पुण्यार्जक साधना कठनेरा एंड ग्रुप रहे, जिसमें ज्योति कठनेरा, सीमा कठनेरा, वैशाली कठनेरा, सरिता कठनेरा एवं रिंकी कठनेरा शामिल हैं।

श्रद्धालुओं ने विमान पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की



रहटगांव। प्रति वर्ष अनुसार डोल ग्यारस पर निकले विमान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। तहसील में डोल ग्यारस पर्व मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर के अलग-अलग मंदिरों से सजे धजे चार विमान बैंड बाजे के साथ निकल गए। विमान की पूजा मार्ग में अलग-अलग वार्डों में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर की। कई जगह गणेश उत्सव समितियां द्वारा शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। जगह-जगह प्रसादी भी बांटी गई। आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे भी लगाए गए नगर के नगर वासी जनप्रतिनिधि, पुलिस स्टॉक द्वारा भी विमान की पूजा अर्चना की इस दौरान सैकड़ो की संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

कुड़मी जाति को केन्द्र की सूची में जुड़वाने की मांग

कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



मध्यप्रदेश में कुर्मी क्षत्रिय समाज की बड़ी समस्या के निराकरण के लिए नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली रवाना हुआ। प्रतिनिधि मंडल रामकृष्ण कुसमरिया, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नेतृत्व में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति से मुलाकात करेगा।

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश में कुर्मी, कुरमी जाति तो पिछड़ा वर्ग में दर्ज है, परंतु हजारों लोगों के जाति प्रमाण पत्रों में कुड़मी लिखा होने के कारण उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी विसंगति को दूर कर कुड़मी जाति को केन्द्र की सूची में जुड़वाने की मांग को लेकर यह प्रतिनिधि मंडल दिल्ली जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में युवा कुर्मी क्षत्रिय समाज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष तेज कुमार गौर, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री सुरेश गौर, जिला अध्यक्ष बैतूल लक्ष्मीकांत वर्मा, जिला अध्यक्ष हरदा नर्मदा प्रसाद गौर, युवा प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नवील वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी हरी प्रसाद वर्मा, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष भीमराज गौर, जिला उपाध्यक्ष सीताराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष बैतूल राधेलाल घनकारे, प्रदेश सचिव अशोक मलैया, जिला महामंत्री कन्हैयालाल वर्मा, जिला सचिव गुलाब सिनोटिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हैं।

विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से कराया रूबरू, नशामुक्त जीवन अपनाने की दिलाई शपथ

नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक और गीत से गूंजा जागरुकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अंतर्गत मेरा युवा भारत खरगोन द्वारा मेनगांव स्थित क्रीड़ा परिसर छात्रावास में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरा युवा भारत खरगोन के जिला युवा अधिकारी कुशांगसिंह चौहान के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों एवं इससे होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। प्रो. संजय कोचक की टीम द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित गीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। गीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाते हुए स्वस्थ और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नशा मुक्ति के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशे के खिलाफ अपना समर्थन दर्ज कराया। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र हिरवे, भूतपूर्व स्वयंसेवक आकाश राठौड़ एवं अभिषेक राठौड़ तथा मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक सागर राठौड़, देवेंद्र मोरे एवं स्वयंसेविका कृतिका गुप्ता उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति से साइबर क्राइम तक, बच्चों ने रंगों से दिया जागरुकता का संदेश

सेवा संकल्प अभियान के तहत रहटगांव में संकुल स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता



रहटगांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव में संकुल स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें संकुल क्षेत्र की विभिन्न शालाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, स्वच्छता सहित सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों को रंगों और चित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सपना अग्रवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ममता राठौर, मंडल महामंत्री महिला मोर्चा सविता शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष राम चौहान, दीपक गौर, संजय गौर, सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप गौर, निलेश गौर, अजय राठौर, राजा राठौर सहित प्राचार्य एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। प्रतियोगिता के माध्यमिक स्तर में प्रथम स्थान प्राची, छिंदगांव तमोली ने, द्वितीय सूरज, बड़वानी ने तथा तृतीय स्थान सुभाष, गंगराधना ने प्राप्त किया। वहीं हाई स्कूल स्तर में दिव्यांशी, पानतलाई प्रथम, काव्या राठौर, शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव द्वितीय तथा नैंसी मीणा, शासकीय कन्या हाई स्कूल रहटगांव तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथियों ने विजेता एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रभारी श्रवण जोशी एवं प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया।

धर्मेन्द्र जौहरी को पर्यावरण प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया



खरगोन। नगर पंचायत एवं स्वर्णकार समाज बड़वाह द्वारा आयोजित समारोह में धर्मेन्द्र जौहरी सोनी व आरती जौहरी को पर्यावरण प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं पार्षद विजय सोनी के साथ कृष्णपाल सिंह तोमर, अनिल कानूनगो, विजय महाजन, डॉ. परेश विजयवर्गीय, संजय महाराज, राकेश सोनी, कैलाशचंद सोनी, दीपक पाटीदार और मातृशक्ति की उपस्थिति में दिया गया। विजय सोनी ने कहा जौहरी द्वारा पिछले 10 वर्षों से पर्यावरण प्रहरी बन मिट्टी के बप्पा का प्रशिक्षण देकर सनातन संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं और अभी तक निःशुल्क 33000 हजार लोगों को प्रतिमा बनाना सीखना और हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में प्रतिमाएं भेंट स्वरूप देना, यह बड़ी उपलब्धि है। जौहरी ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि सेवा कार्यों को और अधिक गति एवं समर्पण के साथ नई ऊर्जा, उत्साह से आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। आप सभी के स्नेह, सहयोग और शुभकामनाओं से ही सेवा की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। इस सम्मान के लिए स्वर्णकार समाज एवं नगर पंचायत गणेश उत्सव समिति का हृदय से आभार।